3 मैं हूँ मुंबई

[redacted] श्रुतलेखन

मराठी	राजधानी	चौपाटी
उत्सव	फ़िल्म	शताब्दी
टिफ़िन	मंदिर	गुफाएँ

(10) सिनेमा

2. **बताइए**

क. मुंबई किसकी राजधानी है?

उ. मुंबई महाराष्ट्र की राजधानी है।

ख. मुंबई को किन-किन नामों से पुकारा जाता है?

उ. मुंबई को बॉम्बे, बंबई और मुंबई नामों से पुकारा जाता है।

ग. मुंबई का सबसे लोकप्रिय भ्रमण-स्थल कौन-सा है?

उ. मुंबई का सबसे लोकप्रिय भ्रमण-स्थल चौपाटी है।

घ. दादा साहेब फाल्के का मुंबई से क्या संबंध रहा?

उ. दादा साहेब फाल्के ने मुंबई में सिनेमा उद्योग की शुरुआत की थी।

ङ: गणेश उत्सव कैसे मनाया जाता है?

उ. गणेश उत्सव के अवसर पर पूरे मुंबई में जगह-जगह भव्य पंडाल लगाए जाते हैं जिनमें गणपति की विशाल प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है।

लिखिए

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—** Text book

क. पुर्तगाली भारत कब आए? ✓ सोलहवीं शताब्दी में

ख. 'एलीफेंटा की गुफाएँ' 'गेटवे ऑफ़ इंडिया' से कितनी दूर हैं? ✓ 11 कि.मी.

2. **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

मैं महाराष्ट्र की राजधानी .... बनाया गया था।

क. किसे भारत का प्रवेश द्वार माना जाता है और क्यों?

उ. मुंबई को भारत का प्रवेश द्वार माना जाता है क्योंकि विभिन्न देशों के पर्यटक सबसे पहले यहीं आते हैं।

ख. 'गेटवे ऑफ़ इंडिया' किसकी याद में बनाया गया?

उ. 'गेटवे ऑफ़ इंडिया' इंग्लैंड के राजा जॉर्ज पंचम और रानी मेरी के भारत आगमन की याद में बनाया गया था।

ग. जॉर्ज पंचम और रानी मेरी भारत कब आए थे?

उ. जॉर्ज पंचम और रानी मेरी दिसंबर 1911 में भारत आए थे।

घ. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए—

जल के लिए मार्ग — ....जलमार्ग.... वायु के लिए मार्ग — ....वायुमार्ग....

3. **कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—** Notebook

क. 'मुंबई' का क्या अर्थ है?

उ. मुंबई 'मुंबा' और 'आई' शब्दों को जोड़कर बना है जिसका अर्थ है मुंबा माता।

ख. समुद्र के समीप अर्धचंद्राकार सड़क कौन-सी है?

उ. समुद्र के समीप अर्धचंद्राकार सड़क मैरीन ड्राइव है।

ग. चौपाटी पर सबसे ज़्यादा भीड़ कब होती है?

उ. चौपाटी पर सबसे ज़्यादा भीड़ रविवार की शाम को होती है।

घ. जुहू बीच के समीप क्या आकर्षण का केंद्र है?

उ. जुहू बीच के समीप इस्कॉन मंदिर आकर्षण का केंद्र है।

4. **कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए—** Notebook

क. मुंबई का परिचय दीजिए।

उ. मुंबई महाराष्ट्र की राजधानी है जिसे सपनों की नगरी कहा जाता है। यह भारतीय सिनेमा की जन्मस्थली भी है।

ख. भारत की आर्थिक राजधानी किसे और क्यों कहा जाता है?

उ. मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी कहा जाता है क्योंकि यहाँ अधिकांश व्यापारिक संस्थान और अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुख्यालय स्थित हैं।

ग. मुंबई के प्रमुख आकर्षण केंद्र या दर्शनीय स्थलों के नाम लिखिए।

उ. मुंबई के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं— गेटवे आफ़ इंडिया, चौपाटी, महालक्ष्मी मंदिर, हाजी अली की दरगाह, इस्कॉन मंदिर, मुंबा देवी मंदिर, एलीफेंटा की गुफाएँ आदि।

घ. मुंबई की रीढ़ की हड्डी कौन हैं और क्यों?

उ. 'मुंबई लोकल ट्रेन' और 'डब्बावाला' मुंबई की रीढ़ की हड्डी कहे जाते हैं क्योंकि मुंबई का जीवन इन दोनों पर बहुत निर्भर है।

5. **आशय स्पष्ट कीजिए—**

प्रकृति और मनुष्य दोनों ने मिलकर मेरा शृंगार किया है।

उ. इसका आशय यह है कि एक तरफ़ विशाल समुद्र का प्राकृतिक सौंदर्य है तथा दूसरी तरफ़ ऊँची-ऊँची इमारतों के रूप में मनुष्य की कारीगरी, दोनों ने ही मुंबई नगरी को सुंदर बनाया है।

समझिए व्याकरण संबोध

1. **समानार्थी शब्द लिखिए—**

त्योहार	—	पर्व	उत्सव	राजा	—	भूप	नृप
विश्व	—	संसार	दुनिया	समुद्र	—	सागर	जलधि

2. **जोड़कर नए शब्द बनाइए—**

महा	+	राष्ट्र	=	महाराष्ट्र	मुख्य	+	आलय	=	मुख्यालय
लोक	+	प्रिय	=	लोकप्रिय	संग्रह	+	आलय	=	संग्रहालय
जल	+	मार्ग	=	जलमार्ग	अधिक	+	अंश	=	अधिकांश
मछली	+	घर	=	मछलीघर	बृज	+	ईश्वर	=	बृजेश्वर

3. **पाठ में से र के विभिन्न रूपों के शब्द चुनकर लिखिए—**

र	—	नगरी	भारत	र्‍	—	पर्यटकों	जलमार्ग
्र	—	प्रकार	अंग्रेज़ों	्र	—	महाराष्ट्र	ड्राइव

4. **इन वाक्यों में से विशेषण-विशेष्य को चुनकर लिखिए—**

	विशेषण	विशेष्य
क. चौपाटी समुद्र के किनारे रेतीली ज़मीन है।	रेतीली	ज़मीन
ख. शहर में भव्य पंडाल लगाए जाते हैं।	भव्य	पंडाल
ग. चौपाटी की चटपटी भेल बहुत प्रसिद्ध है।	चटपटी	भेल
घ. सड़क के एक तरफ़ लहराता समुद्र है।	लहराता	समुद्र